# यूपी में पर्यटन से मिल रहीं नई नौकरियां : मुख्यमंत्री

लखनऊ, हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यटन दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है। बीते साल 46 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए। यूपी धार्मिक, आध्यात्मिक, हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। ये पर्यटक यूपी के अंदर केवल पर्यटन की दृष्टि से नहीं आते बल्कि इनकी बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में भूमिका है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में गत वर्ष यूपी में 46 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी के अलग-अलग धार्मिक आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म या हेरिटेज टूरिज्म साइट्स का भ्रमण किया है। आज काशी में बाबा विश्वनाथ धाम करोड़ों पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

## पर्यटक निवेशक सरकार की प्राथमिकता:जयवीर



झांसी। बुन्देलखंड में पर्यटक और निवेशक दोनों ही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। यह बात विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पं दीनदयाल सभागार में उत्तर प्रदेश पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कही। बुन्देलखण्ड में पर्यटन के विकास की अपार सम्भावनाएं है।

## बागपत का पुरा महादेव सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव

लखनऊ। पर्यटन मंत्रालय ने बागपत के पुरा महादेव गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव चुना है। विश्व पर्यटन दिवस पर यह सम्मान शुक्रवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा दिया गया।